Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे प्रवासी लौट सकते है अपने गांव!

**संभावना**

## रिवर्स पलायन को लेकर सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट

**संवाददाता**

देहरादून। लॉकडाउन खुलने के बाद भी देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे प्रवासी अपने गांव लौट सकते हैं। ग्राम्य विकास एवं पलायन आयोग की ओर से रिवर्स पलायन को लेकर सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

रिपोर्ट में उल्लेख है कि कोरोना संकट के बाद राज्य के 10 पर्वतीय जिलों में अब तक 59360 प्रवासी वापस अपने गांव आए हैं। इनमें 65 फीसद देश के विभिन्न राज्यों, 30 फीसद राज्य के शहरों और पांच फीसद लोग विदेश से लौटे हैं। इनमें से 30 फीसद ने लॉकडाउन खुलने और स्थिति सामान्य होने के बाद गांव में ही रुकने की इच्छा जताई है। आयोग ने गावों में रुकने के इच्छुक लोगों के आर्थिक पुनर्वास को कदम उठाने समेत कई सुझाव सरकार को दिए हैं।



पलायन का दंश झेल रहे उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र के गावों में कोरोना महामारी के बाद प्रवासियों की वापसी का सिलसिला शुरू हुआ। इसे देखते हुए पलायन आयोग ने जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से इनके बारे में जानकारी जुटाई। साथ ही प्रवासियों से फोन, ई–मेल, वाट्सएप के जरिये संपर्क किया गया। फिर रिपोर्ट तैयार की गई।

आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एसएस नेगी के मुताबिक मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री कार्यालय को मेल से रिपोर्ट भेजी गई और बुधवार को उन्होंने औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मुलाकात कर यह रिपोर्ट सौंपी। साथ ही इसमें शामिल बिदुओं और सुझावों के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सहकारिता राज्यमंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रिवर्स पलायन के बाद स्थितिया बदली हैं। गर्मियों में पर्यटन से होने वाली आय पर असर पड़ेगा तो वेलनेस सेक्टर का भी प्रभावित होना तय है। रिवर्स पलायन के बाद पहाड़ में प्रतिव्यक्ति आय में कमी आ सकती है। इसे देखते हुए प्रवासियों के आर्थिक पुनर्वास को अभियान चलाने की जरूरत है। इसके अलावा हेल्पलाइन, ब्लाक व जिला स्तर पर यूनिट समेत अन्य कई सुझाव भी रिपोर्ट में दिए गए हैं।

### गुजरे 48 घंटों में कोई नया मामला नहीं

प्रदेश में तकरीबन सवा महीने पहले कोरोना का पहला केस सामने आया था। तमाम उतार–चढ़ावों के बाद यह संख्या बढ़कर 46 तक पहुंच गई। इनमें सबसे ज्यादा तादाद जमाती या उनके संपर्क में आए लोगों की है। राहत की बात ये कि बीते दो दिन से प्रदेश में कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है। यही नहीं, मरीज लगातार ठीक भी हो रहे हैं। देहरादून जिले से अब तक 24 में से 11 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। नैनीताल में नौ मरीजों में से छह को छुट्टी मिल गई है। ऊधमसिंहनगर में संक्रमित पाए गए चारों मरीज अब ठीक हो चुके हैं। वहीं, पौड़ी में आया एकमात्र मरीज भी अब स्वस्थ है।

## न्यूज डायरी

### 31 मई को होगी सेना भर्ती प्रवेश परीक्षा

**संवाददाता** पिथौरागढ । कोरोना वायरस के चलते 26 अप्रैल को होने वाली सेना भर्ती परीक्षा अब 31 मई को होगी । सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार परीक्षा में आगे कोई बदलाव की सूचना पर वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू ज्वाइनइंडियन आर्मी डाट काम पर दे दिये जाने की सुचना अलग से मिली है। वही जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 07586062756 में संपर्क किया जा सकता है।

### इटरनेट सेवा चरमराई

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले के पाखू और हल्दू क्षेत्र में पिछले 13 दिनों से इंटरनेट सेवा चरमरा गई है। वही लोगों को इस समस्या के चलते अपने बिजली के बिलों व पानी के बिलों को जमा करने के साथ संचार सेवा के लिए दये चार होना पड रहा हैं। वही ऐसे में ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। वही इलाके के लोगों ने इस मामले पर गहरी नाराजगी जताई है।

### टीवी चैनल के न्यूज एंकर के खिलाफ दी शिकायत

**संवाददाता** डोईवाला। उत्त्तराखण्ड राजीव गांधी पंचायत राज संगठन व डोईवाला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रिपब्लिक टीवी व उनके न्यूज एंकर अर्णव गोस्वामी के खिलाफ डोईवाला कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई गई। यहां जारी एक बयान में राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेश संयोजक मोहित उनियाल ने बताया की रिपब्लिक टीवी व न्यूज एंकर अर्णव गोस्वामी के द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ जो अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है वह बिल्कुल भी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के पालघर में जिन संतों की हत्या हुई है वह निंदनीय है और ऐसा देश के किसी भी हिस्से में नहीं होना चाहिए व आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### टीवी चैनल के न्यूज एंकर मांगें माफी: मोहन काला

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ रिपब्लिक भारत टीवी न्यूज चौनल के एंकर अर्नव गोस्वामी द्वारा सार्वजनिक रूप से की गई अपमान जनक टिप्पणी व आपत्तिजनक शब्दों की उतराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व संयोजक मोहन कुमार काला ने कड़ी आलोचना व निंदा की है। उन्होंने कहा कि न्यूज एंकर ने माफी नहीं मांगी तो इसका व्यापक स्तर पर विरोध किया जायेगा। वही काला ने कहा कि आज अधिकांश न्यूज चैनल निष्पक्ष पत्रकारिता करते नही दिख रहे हैं।



## दो सगे फौजी भाई छुट्टी में भी निकले देश की सेवा करने

**संवाददाता** विकासनगर। देहरादून जिले के विकासनगर स्थित देश की रक्षा करने के लिए भर्ती हुए थे। जोकि फौज में कार्यरत होने के बाद भी लॉक डाउन के चलते फौज से छुट्टी लेकर घर में ही रह रहे हैं। करोना महामारी से जूझ रहे देश की स्थिति को देखते हुए गढ़ी कैंट देहरादून में तैनात बड़े भाई गजेंद्र सिंह थापा और भटिंडा पंजाब में तैनात राजेंद्र सिंह थापा से घर में रहा नहीं गया और वह कालिंदी अस्पताल की टीम के साथ करुणा महामारी के बीच सेवा में जुटे फ्रंटलाइन योद्धाओं की सेवा के लिए घर में तैयार किए गए मास्क और खाने का सामान लेकर निकल पड़े। विकासनगर के लाइन जीवनगढ़ निवासी दो सगे भाई गजेंद्र सिंह थापा और राजेंद्र सिंह थापा भारतीय सेना में कार्यरत हैं। जोकि पिछले महीने छुट्टी पर घर आए हुए थे 1 अप्रैल को छुट्टी खत्म होने के बाद करोना महामारी के चलते हुए ब्लॉक डाउन के बीच दोनों ही भाइयों की छुट्टी बढ़ा दी गई। ऐसे में देश की सेवा का जज्बा लिए सेना में भर्ती हुए दोनों भाई घर में खुद को ज्यादा दिन कैद नहीं कर पाए।

# गरीब व असहायो के लिए मसीहा बनकर जनसेवा में जुटे तमाम संगठन

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। लाकडाउन में गरीब व असहाय मजदूर वर्ग के लिए इलाके में लोगों की जनसेवा जारी है। मानव सेवा को सबसे बडी सेवा माना गया है। जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन सेवा में कई लोग दिल खोलकर मदद के लिए हाथ आगे बड रहे है। बता दें कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिए लाकडाउन चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक नेपाल बिहार यूपी के प्रवासी मजदूरों के हाथें से काम छीन गया है। वही ये लोग अपने घरों को लौटने की राह तकने को मजबूर है। वही जिला मुख्यालय में ऐसे समय में कई

**हौसला अफजाई**

संगठन व इलाके के कई वांशिदें इन लोगों की अलग तरीके से अपने स्तर से मदद जुटा रहे है। वही लाकडाउन में जरूरतमंदों तक मदद पहुंचानें का काम जारी है।

बता दें कि मुख्यालय में युवाओं ने भी जरूरतमंदों की सेवा करने का बीडा उठाया हुआ है। ताजा जानकारी के मुताबिक इलाके के युवाओं द्वारा आपस में चंदा कर जरूरतमंदों के लिए खाद्यान्न सामग्रि मुहैया कराकर बांटी जा रही है। जिला मुख्यालय कि तो यहां पर संकट मोचा सेना की ओर से भी अपने अपने स्तर से घर घर जाकर लोगों की मदद की जा रही है। वही दुसरी ओर युवाओं की टीम के द्वारा भी ऐसे समय में जरूरतमंदों की मदद के लिए खाद्यान्न सामग्रि के पैकेट बनाकर राहत केंन्दों में बांटें जा रहे है। वही दूसरी ओर संकल्प प्रकाश टीम के नगर के सिल्थाम ,जाखिनी ,पुलिस लाइन क्षेत्र में राशन किट वितरित किये जा रहे है। वही ताजा जानकारी के मुताबिक राजकीय शिक्षक संघ व प्राथमिक शिक्षक संघ के द्वारा भी राहत सामग्रि जरूरतमंदों को दी जा रही है। वही टकाना यूथ क्लब द्वारा भी पैकेट बनाकर राशन दिया जा रहा है। क्रष्णापुरी में जीगिषा संस्था द्वारा लोगों को मास्क बांटे जा रहे है।

सीमांत तहसील धारचूला डीडीहाट मुसयारी की तो वहां पर भी लोग अपने अपने तरीके से जरूरतमंदों की मदद कर रहे है।

## राज्य स्तरीय डिजिटल निबंध प्रतियोगिता के लिए मांगी प्रविष्टियां

**संवाददाता** देहरादून। विश्व पृथ्वी दिवस–2020 के अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (यूकॉस्ट) के तत्वावधान में एक राज्य स्तरीय डिजिटल निबंध प्रतियोगिता जलवायु परिवर्तन पर ग्रोविंग थरैट टू मदर अर्थ इन द लाईट ऑफ कोविड 19 पोसिबल सॉल्यूशन्स विषयक आधारित है। यहां जारी एक बयान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परीषद के महानिदेशक डा. राजेन्द्र डोभाल ने बताया है कि यह निबंध प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की जायेगी और जिसम प्रथम श्रेणी 45 वर्ष के अधिक आयु, द्वितीय श्रेणी आयु 30 से 45 वर्ष के बीच एवं तृतीय श्रेणी आयु 15 से 30 वर्ष के बीच प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अन्तर्गत प्रत्येक श्रेणियों में तीन पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम पुरस्कार रूपये पांच हजार मात्र, द्वितीय पुरस्कार रूपये तीन हजार मात्र एवं तृतीय पुरस्कार रूपये दो हजार मात्र प्रदान किया जायेगा। निबंध प्रतियोगिता के लिए शब्द सीमा अधिकतम 500 शब्द तक है।